संख्या-16 / **5207 / 12-3-2013-100(44) / 2013**

प्रेषक,

जावेद उस्मानी
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- समस्त मण्डलायुक्त
उत्तर प्रदेश।

2. समस्त जिलाधिकारी
उत्तर प्रदेश।

3. कृषि निदेशक**,**
उत्तर प्रदेश, **लखनऊ।**

कृषि अनुभाग**-3** लखनऊ**:** दिनांक **10** दिसम्बर**, 2013**

विषय:-कृषि विभाग द्वारा संचालित की जा रही आर0के0वी0वाई0 योजनान्तर्गत ''बैलेंस्ड एण्ड इन्टीग्रेटेड यूज ऑफ फर्टिलाइजर थ्रो स्वायल कार्यक्रम'' के अंतर्गत मृदा नमूना लेने (मृदा परीक्षण कार्यक्रम) का लाभ अल्पसंख्यकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अनुमन्य कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

प्रदेश में अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, पारसी एवं जैन) के सवार्ंगीण विकास के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुये शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त अल्पसंख्यक वर्ग को प्रदेश की विकास योजनाओं में उनका वाजिब हक दिलाये जाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं में उनकी जनसंख्या के आधार पर 20 प्रतिशत मात्राकरण अल्पसंख्यकों हेतु किये जाने का निर्णय लिया गया है ताकि प्रदेश में चलने वाली विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों में अल्पसंख्य समुदाय को सामाजिक न्याय की परिधि में लाते हुए उन्हें न्यायोचित हिस्सा मिल सके तथा उनकी सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

2- प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अनुमन्य कराये जाने के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या-1533/ 52-3-2013-स(30)/13, दिनांक 24.08.2013 निर्गत किया गया है। शासनादेश में चिन्हित कल्याणकारी योजनाओं में कृषि विभाग की आर0के0वी0वाई0 योजनान्तर्गत ''बैलेंस्ड एण्ड इन्टीग्रेटेड यूज ऑफ फर्टिलाइजर थ्रो स्वायल कार्यक्रम'' के अंतर्गत मृदा नमूना लेने (मृदा परीक्षण कार्यक्रम) परियोजना भी सम्मिलित है। यह योजना लाभार्थीपरक है।

3- शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि दिनांक 31.07.2013 तक भौतिक प्रगति को वार्षिक लक्ष्य से घटाते हुए अवशेष लक्ष्य में से

http://shasanadesh.up.nic.in

20 प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय हेतु मात्राकरण करते हुए जनपदवार फॉट निर्धारित कर दिया जाये। तद्नुसार योजनान्तर्गत निर्धारित किये गये लक्ष्य की जनपदवार फॉट संलग्नक-क पर है। इसके आधार पर ही जनपदवार लक्ष्य की प्राप्ति की जानी है।

4- योजना में अल्पसंख्यकों हेतु निर्धारित लक्ष्य पूर्ण करने की कार्यवाही की जायेगी। यदि किसी विशेष कारण से लक्ष्य प्राप्ति हेतु अल्पसंख्यक समुदाय के लाभार्थी उपलब्ध नहीं हो पाते हैं तो जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति की संस्तुति तथा मुख्य सचिव के माध्यम से शासन का अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात अल्पसंख्यकों के अवशेष लक्ष्य को अन्य समुदाय के लोगों से पूर्ण कर लिया जायेगा।

5- उपर्युक्त योजना की समीक्षा हेतु निर्धारित प्रारूप की प्रति संलग्नक-ख के रूप में संलग्न है। इस प्रारूप पर प्रत्येक माह के 07 तारीख तक वांछित विवरण/सूचना जनपद के जिलाधिकारी द्वारा मण्डलायुक्त को तथा शासन के सम्बन्धित विभाग को उपलब्ध करायी जायेगी। सम्बन्धित विभाग, परीक्षणोपरान्त प्रत्येक माह के 12 तारीख तक संलग्नक-ग पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को संकलित विवरण उपलब्ध करायेंगे।

6- योजना से सम्बन्धित शासनादेश संख्या-1533/52-3-2013-स(30)/13, दिनांक 24.08.2013 में निर्धारित अन्य शर्तों/प्रक्रिया का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

संलग्नक- यथोक्त

भवदीय,

(जावेद उस्मानी**)**
मुख्य सचिव।

संख्या-**5207(1)/12-3-2013**-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. **सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन।**
2. **निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।**
3. **समस्त जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उ0प्र0।**

आज्ञा से

(देवाशीष पाण्डा **)**
प्रमुख सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संलग्नक-क

बैलेंस्ड एण्ड इन्टीग्रेटेड यूज ऑफ फर्टिलाइजर थ्रो स्वायल कार्यक्रम के अंतर्गत मृदा नमूना लेने (मृदा परीक्षण कार्यक्रम) में अल्प संख्यकों को लाभ पहुंचाने हेतु 20 प्रतिशत लक्ष्यों का जनपदवार निर्धारण

क्र0	जनपद का नाम	जुलाई,2013 तक की पूर्ति के	अल्पसंख्यक लाभार्थी हेतु
1	2	3	4
1	इलाहाबाद	66421	10212
2	कौशाम्बी	12714	2136
3	फतेहपुर	37864	6043
4	प्रतापगढ	42686	7171
	योग मण्डल	**159685**	**25712**
5	वाराणसी	12673	2433
6	चन्दौली	23737	2848
7	गाजीपुर	31619	3794
8	जौनपुर	31962	3835
	योग मण्डल	**99991**	**12911**
9	मिर्जापुर	26342	2529
10	सोनभद्र	14588	875
11	संतरविदासनगर	10488	1510
	योग मण्डल	**51418**	**4914**
12	आजमगढ	62943	11180
13	मऊ	21986	5013
14	बलिया	47772	4013
	योग मण्डल	**132701**	**20355**
15	गोरखपुर	34917	3771
16	महराजगंज	29217	5960
17	देवरिया	21509	3097
18	कुशीनगर	14976	3055
	योग मण्डल	**100619**	**15884**
19	बस्ती	12769	2248
20	सिद्धार्थ नगर	16340	5686
21	संत कबीर नगर	5156	1485
	योग मण्डल	**34265**	**9470**
22	फैजाबाद	12031	2166
23	अम्बेडकर नगर	34358	6597
24	बाराबंकी	53696	14030

http://shasanadesh.up.nic.in

क्र0	जनपद का नाम	जुलाई,2013 तक की पूर्ति के	अल्पसंख्यक लाभार्थी हेतु
1	2	3	4
25	सुल्तानपुर	21622	3460
26	अमेठी	63202	8848
	योग मण्डल	**184909**	**27098**
27	गोण्डा	32918	7505
28	बलरामपुर	31486	13780
29	बहराइच	19815	8322
30	श्रावस्ती	8419	2627
	योग मण्डल	**92638**	**32434**
31	लखनऊ	11501	2829
32	उन्नाव	19725	2604
33	रायबरेली	30217	3626
34	सीतापुर	49764	11196
35	हरदोई	49396	7706
36	लखीमपुर	26759	6101
	योग मण्डल	**187362**	**34937**
37	कानपुर नगर	17949	3446
38	कानपुर देहात	19698	2127
39	औरैया	11413	959
40	इटावा	25238	2120
41	फर्रूखाबाद	18872	3397
42	कन्नौज	11763	2208
	योग मण्डल	**104933**	**14308**
43	आगरा	30178	3119
44	फिरोजाबाद	13605	2622
45	मैनपुरी	18344	1111
46	मथुरा	19705	1892
	योग मण्डल	**81832**	**8894**
47	अलीगढ़	23503	5087
48	हाथरस	14319	240
49	एटा	14461	1919
50	कासगंज	19989	2409
	योग मण्डल	**72272**	**9415**
51	मेरठ	28794	11262
52	बागपत	6861	2068
53	गाजियाबाद	23905	6895

http://shasanadesh.up.nic.in

क्र0	जनपद का नाम	जुलाई,2013 तक की पूर्ति के	अल्पसंख्यक लाभार्थी हेतु
1	2	3	4
54	गौतमबुद्धनगर	6028	783
55	बुलंदशहर	34684	8750
56	हापुड़	471	62
	योग मण्डल	**100743**	**30075**
57	सहारनपुर	31520	14762
58	मुजफ्फरनगर	33256	15175
59	शामली	-872	0
	योग मण्डल	**63904**	**29937**
60	मुरादाबाद	23275	10707
61	अमरोहा	14309	6707
62	बिजनौर	30484	15374
63	रामपुर	28162	16403
64	सम्भल	3227	1485
	योग मण्डल	**99457**	**51498**
65	बदायूं	29057	7332
66	शाहजहॉपुर	42397	9168
67	पीलीभीत	18108	5225
68	बरेली	17667	7218
	योग मण्डल	**107229**	**28943**
69	झॉसी	35206	2957
70	ललितपुर	39847	1434
71	जालौन	33232	3988
	योग मण्डल	**108285**	**8380**
72	बॉदा	22121	2124
73	चित्रकूट	11718	562
74	हमीरपुर	24667	2368
75	महोवा	17839	1498
	योग मण्डल	**76345**	**6553**
	योग प्रदेश	**1858588**	**371718**

http://shasanadesh.up.nic.in

<u>संलग्नक-ख</u>

विभाग का नाम :

जनपद का नाम :

माह :

प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के भौतिक लक्ष्य का **20** प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए मात्राकृत कराये जाने की योजना की मासिक समीक्षा का निर्धारित प्रारूप						
क्र**0**सं**0**	योजना का नाम	अल्पसंख्यकों हेतु मात्राकृत वार्षिक लक्ष्य	इकाई	संदर्भित लक्ष्य के विरूद्ध माह में उपलब्धि	संदर्भित माह तक क्रमिक उपलब्धि	लक्ष्य के विरूद्ध क्रमिक उपलब्धि का प्रतिशत
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**

http://shasanadesh.up.nic.in

संलग्नक-ग

सम्बन्धित विभाग द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को भेजे जाने वाली संकलित सूचना का प्रपत्र

विभाग का नाम :

जनपद का नाम :

माह :

प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के भौतिक लक्ष्य का **20** प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए मात्राकृत कराये जाने की योजना की मासिक समीक्षा का निर्धारित प्रारूप						
क्र**0**सं**0**	जनपद का नाम	अल्पसंख्यकों हेतु मात्राकृत वार्षिक लक्ष्य	इकाई	संदर्भित लक्ष्य के विरूद्ध माह में उपलब्धि	संदर्भित माह तक क्रमिक उपलब्धि	लक्ष्य के विरूद्ध क्रमिक उपलब्धि का प्रतिशत
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**
	योग					

http://shasanadesh.up.nic.in